आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वादमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-355 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 जून 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
29 अधिकतम
26 न्यूनतम



Page-5

## ईरान व इजरायल के बीच जंग 10वें दिन खतरनाक मोड़ पर पहुंची

# अमेरिका जंग में कूदा, ईरान के सबसे सुरक्षित परमाणु ठिकानों पर बरसाए बंकर बस्टर बम

### ट्रंप बोले- शांति कायम नहीं की तो फिर हमला होगा

**तेलअवीव/वाशिंगटन, एजेंसी**

पिछले कई दिनों से इजरायल व ईरान की जंग में आज अमेरिका की भी एंट्री हो गई। उसने ईरान में तीन परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया है। यह ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। फोर्डो को सबसे सुरक्षित व मजबूत ठिकाना माना जाता है। यह हमला भारतीय समयानुसार आज तड़के 4ः30 बजे हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमले के तीन घंटे बाद देश को संबोधित किया और कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स ओब्लीयेरेट पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को चेताया कि अब उसे शांति कायम करना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। वहीं इजरायली पीएम नेतान्याहू ने अमेरिका का शुक्रिया अदा करते हुए अपनी जनता से कहा है कि उन्होंने ईरान से बदले का अपना वादा पूरा किया है।

दूसरी तरफ अमेरिका के हमले के जवाब में आग बबूला ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं।इजरायल के कई शहरों में तेज धमाकों की आवाज सुनी जा रही है। तेल अवीव जैसे प्रमुख शहरों में लगातार लोगों को अलर्ट भेजकर सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि ईरान ने कहा है कि उसकी न्यूक्लियर साइट्स को कोई नुकसान नहीं हुआ है और नागरिकों को रेडिएशन का कोई खतरा नहीं है। हालांकि ट्रंप ने अपने संबोधन में इन हमलों को सफल करार दिया है और ईरान को शांति की तरफ कदम बढ़ाने के लिए कहा है।

दूसरी तरफ इजराइली सेना ने रविवार सुबह बताया कि कुछ देर पहले ईरान से राजधानी तेल अवीव की ओर मिसाइलें छोड़ी गईं हैं। डिफेंस सिस्टम उन्हें रोकने के लिए एक्टिव हो चुकी हैं। जबकि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने अमेरिका के हमलों पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत आत्मरक्षा का अधिकार हमारे पास है और ईरान अपने लोगों, संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए हर विकल्प अपनाएगा। अमेरिका खुद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है। उसने ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु ठिकानों पर हमला कर गंभीर अंतरराष्ट्रीय कानून परमाणु अप्रसार संधि का गंभीर उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, आज सुबह जो हुआ वह बेहद खतरनाक, अवैध और आपराधिक है। इसका असर हमेशा के लिए रहेगा। दुनिया के हर देश को इस पर चिंता होनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 10वां दिन है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं।



### एक दिन पहले ईरान को किया था आगाह



मिडिल ईस्ट की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के एक सीनियर अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि अमेरिका ने हमले से पहले ईरान को अग्रिम सूचना दे दी थी। ईरानी अधिकारी ने बताया कि 21 जून को ट्रंप प्रशासन ने ईरान को बताया था कि उसका मकसद ईरान के साथ युद्ध करना नहीं है और वो सिर्फ फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु सुविधाओं पर हमला करने वाला है। यहबमबारी मिडिल ईस्ट में मौजूद किसी अमेरिकी एयरबेस से नहीं की गई। अमेरिका ने ल्क्क-57 बम गिराए हैं। इस बम की खासियत ये है कि ये करीब 60 मीटर की गहराई तक पहले घुसता है और फिर इसमें धमका होता है। ये एक बंकर बस्टर बम है।

### अमेरिका व ईरान के दावे... कौन सही ?

ईरान के सबसे सुरक्षित परमाणु ठिकाने फोर्डो न्यूक्लियर प्लांट पर अमेरिका ने हमला कर दिया है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के सामने यह दावा किया है कि ईरान की सभी प्रमुख परमाणु साइट पूरी तरह से खत्म कर दी गई हैं। लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या वाकई फोर्डो जैसे मजबूत और गहराई में बने ठिकाने को इतनी आसानी से नष्ट किया जा सकता है?

### 1117 भारतीयों का रेस्क्यू

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन आधी रात को 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा है। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था। 20 जून को रात 407 भारतीय लौटे थे। इनमें कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों की वापसी हुई थी।

## अमिताभ की आवाज से मंत्री सिंधिया भी हुए परेशान !



**इंदौर।** पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक ऐसी समस्या बताई कि खुद सिंधिया भी उससे पीडित निकले। गुप्ता ने मंत्री से कहा कि इमरजेंसी में फोन लगाते हैं तो अमिताभ बच्चन की आवाज सुनाई देती है। खासकर बुजुर्गों, मरीजों और व्यापारिक वर्ग के लोगों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तब मंत्री सिंधिया भी उनसे बोल पड़े कि हां यह सही बात है, मैं भी इससे परेशान हूं। दरअसल, केंद्र सरकार साइबर धोखाधड़ी एवं डिजिटल फ्रॉड के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत मोबाइल कॉल के शुरू में एक विशेष कॉलर ट्यून प्रसारित की जा रही है। इसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को ओटीपी, बैंक विवरण अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की चेतावनी देना है।

## सीट विवादः चलती ट्रेन में पीटकर युवक की हत्या

**बागपत।** उप्र के बागपत में चलती ट्रेन में सीट के विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन से बागपत आ रहा था। फखरपुर स्टेशन के पास सीट पर बैठने को लेकर उसका विवाद हो गया। 15 से 20 लोगों ने मिलकर उसे लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा। बागपत से 10 किमी पहले खेकड़ा स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो आरोपी उतरकर भाग गए। ट्रेन में सवार युवक के एक साथी ने जीआरपी और परिवार को सूचना दी। घायल युवक को ट्रेन से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे

## सीएम महीने में तीसरी बार पहुंचे पचमढी

**पिपरिया, दोपहर मेट्रो**



मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज रविवार को नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि इसी जून महीने में मुख्यमंत्री यादव का यह तीसरा पचमढ़ी दौरा है। पचमढ़ी में सीएम स्थानीय पर्यटन स्थलों के उन्नयन प्रस्तावित कार्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सीएम के एकाएक बने दौरे के बाद रात में ही जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया था। सुबह से अफसर और पुलिस लाइन से फोर्स पचमढ़ी रवाना हुआ। कार्यक्रम के अनुसार, सीएम पहले भोपाल से हेलीकाप्टर से रवाना होकर पचमढ़ी उतरने वाले थे। लेकिन, खराब मौसम की वजह से सीएम का हेलीकॉप्टर पिपरिया हेलीपेड पर उतरा। यहां से वह पचमढ़ी के लिए के लिए रवाना हुए। सीएम आज यहां परिवार के साथ पहुंच रहे है। पचमढ़ी में सीएम रात्रि विश्राम भी कर सकते है। इससे पहले 3 जून को सीएम यहां कैबिनेट की बैठक के लिये फिर 14 जून को विधायक, सांसद प्रशिक्षण सम्मेलन में पचमढ़ी पहुंचे थे और तीन दिन तक प्रशिक्षण में रहे। इस बीच उन्होंने योग भी किया था। कुछ समय पहले यादव ने कहा था- सतपुड़ा की पहाड़ियों में हिमालय की गोद का आनंद आता है। पचमढ़ी की खूबसूरती स्विट्जरलैंड जैसा अनुभव प्रदान करती है। पचमढ़ी आकर मन आनंद से भर जाता है।

## पहलगाम हमलाः आतंकियों को पनाह देने वाले गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे।

एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थी। हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने 3 स्केच जारी किए। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई। मूसा और अली पाकिस्तानी हैं। मूसा पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप में कमांडो रह चुका है। फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है कि जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने इन्हीं तीन आतंकियों के नाम उजागर किए हैं या किन्हीं और आतंकियों के। ज्ञात हो कि 22 अप्रैल को हुए इस हमले में दो विदेशी पर्यटकों समेत 27 की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### स्ट्रंग सिस्टम मप्र में सक्रिय हुआ

## 17 जिलों में अलर्ट, 8 इंच तक बरसात की आशंका



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

मानसूनी बारिश से पूरा मध्यप्रदेश तरबतर हो गया है। प्रदेश के डेढ दर्जन जिले पूरी तरह भीगे हुए हैं। आज ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के समेत 17 जिलों में भारी बारिश का दौर है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर में भी बादल बरस रहे हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि ग्वालियर चंबल के कई जिलों में आज 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, सतना, रीवा, मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है।

मप्र के ऊपर से एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) गुजर रहा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से से टर्फ की एक्टिविटी है। ये दोनों ही सिस्टम स्ट्रॉन्ग है। इस वजह से पूर्वी और उत्तरी हिस्से में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ भी सक्रिय है, जो पूरे प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कल सीधी में 2 इंच बारिश हुई। वहीं, रतलाम में सवा इंच से ज्यादा पानी गिरा। सतना में पौन इंच, रीवा-खजुराहो में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। इसके अलावा भोपाल, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, मंडला, नौगांव, सागर, उमरिया, बालाघाट में भी बारिश दर्ज की गई।

### मेट्रो एंकर राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड

## सोनम का बैग और पिस्टल गायब करने वाला प्रॉपर्टी डीलर दबोचा

**इंदौर एजेंसी**

शहर के ट्रांसपोर्टर राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। इस केस की जांच कर रही एसआईटी ने महालक्ष्मी नगर के प्रापर्टी कारोबारी सिलोम जेम्स को गिरफ्तार किया है। उस पर सोनम और राज की पिस्टल, पांच लाख रुपये, कपड़े और सोने के आभूषण गायब कर मदद करने का आरोप है। गुना का एक सिक्युरिटी गार्ड भी शक के घेरे में आ गया है।

दरअसल एसआईटी पिछले पांच दिन से शहर में छानबीन कर रही है। एसआईटी को एक बैग की जरूरत थी, जो राज और सोनम द्वारा हीराबाग स्थित फ्लैट में छुपाकर रखा था। इसमें कपड़ों के बीच देशी पिस्टल और पांच लाख रुपये भरकर रखे गए थे। पिस्टल राज ने सिकलीगरों से खरीदी थी। वह पहले राजा को विशाल, आकाश और आनंद से गोली मरवाना चाहता था। ललितपुर में आकाश की गिरफ्तारी होते ही आठ जून को सोनम कार लेकर गाजीपुर रवाना हो गई और बैग फ्लैट में ही छोड़ दिया। 10 जून को प्रापर्टी कारोबारी सिलोम जेम्स कार लेकर पहुंचा और दूसरी चाबी से ताला खोल तीन बैग, कपड़े, खाने का सामान सहित अन्य चीजें ले गया। एक कार शोरूम के सीसीटीवी कैमरे में सिलोम की तस्वीर कैद हो गई और इसी आधार पर ईस्ट खासी हिल्स (शिलांग) पुलिस ने सिलोम को गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि जब एसआईटी के एक सदस्य ने सिलोम को फोन लगाकर बुलाया तो उसे शक हो गया और कहा कि वह भोपाल जा रहा है।





अफसरों ने शिप्रा टोल नाके पर घेराबंदी कर पकड़ लिया। उधर पुलिस एक अन्य व्यक्ति की भी तलाश कर रही है। मूलतः अशोकनगर (गुना) निवासी यह व्यक्ति हीराबाग स्थित इमारत में सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी करता था। सिलोम ने उसे ही चाबी सौंपी थी।

### भोपाल के पास है डॉ. विष्णु वाकणकर टाइगर रिजर्व तथा जबकि माधव टाइगर रिजर्व शिवपुरी में स्थित

# माधव व वाकणकर रिजर्व के प्लान पर काम जीरो

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**प्रदेश में घोषित किए एक दो टाइगर रिजर्व में बाघों व दूसरे वन्यप्राणियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए 10 वर्षीय कार्ययोजना बनाई जानी है। यह काम 2 से 6 महीने पहले शुरू हो जाना था लेकिन अब तक इस पर जीरो काम हुआ है, क्योंकि काम ही शुरू नहीं हुआ। कार्ययोजना को लेकर इसी तरह उदासीनता रही तो 10 साल में भी कार्ययोजना नहीं बन पाएगी। कार्ययोजना में बाघ समेत सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण की समग्र खांका होता है, जिसके तहत आगामी 10 वर्षों तक काम करना होता है, इसी को देखने के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण संबंधित रिजर्वों को राशि जारी करता है।**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में रातापानी वन्यजीव अभयारण्य और मार्च 2025 में माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित किया है। इन दोनों निर्णयों को मोहन सरकार का दूरगामी और वन्यप्राणियों की सुरक्षा को देखते लिया गया अहम निर्णय माना जा रहा है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने बाद में रातापानी टाइगर रिजर्व का नाम पुरातत्वविद डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम करने की घोषणा की थी, यह नाम भी अस्तित्व में आ गया है लेकिन टाइगर रिजर्व के लिए जो 10 वर्षीय कार्ययोजना पर काम शुरू नहीं हुआ।




### वाकणकर रिजर्व में 80 से ज्यादा बाघ

डॉ विष्णु वाकणकर टाइगर रिजर्व की सीमा भोपाल से टी है। यह रायसेन, सीहोर तक फैला है। इसमें 80 से ज्यादा बाघ और हजारों की संख्या में तेंदुए है। इनके अलावा यहां नीलगाय, भालू, हिरण, चीतल, सांभर, चिंगारा जैसे वन्यप्राणी भी है।

### माधव टाइगर रिजर्व में दोबारा बसाए जा रहे बाघ

माधव टाइगर रिजर्व में बाघों को दोबारा बसाया जा रहा हैं, यहां पूर्व में बाघ थे, जिनका शिकार कर लिया गया। वन्यप्राणी वन विभाग ने यहां सबसे पहले दो बाघ छोड़े, उसके बाद भी शिफ्टिंग की है। आने वाले समय में यहां और बाघ छोड़े जाने की योजना है।

### नगर निगम भोपाल में जनता के मुद्दों के बजाए खींचतान व सियासी पैंतरे

# समय पर नहीं होती ननि परिषद की बैठक हर बार कमिश्नर से गुहार की मजबूरी...!

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**नगर निगम परिषद की बैठक में हर बार आ रहे अवरोध को लेकर जबरदस्त खींचतान की स्थिति बन गई है। इस बार भी बैठक करीब बीस दिन लेट हो गई है और निगम में प्रतिपक्ष कांग्रेस का दावा है कि जनता के कई मुद्दों पर बात ही नहीं हो पा रही है जबकि जनता की ही कठिनाई वाला समय यानि मानसून आ चुका है। बताया जाता है कि नियमानुसार दो महीने के भीतर 3 जून तक मीटिंग होनी थी, लेकिन अभी तक बैठक का एजेंडा ही तय नहीं हो पाया है। ऐसे में कांग्रेस पार्षद कड़ा विरोध जता रहे हैं। जबकि बैठक अगले सप्ताह तक के लिए टल गई लगती है।**

इस मामले में गत दिवस नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी व उपनेता योगेंद्र गुड्डू चौहान के साथ कांग्रेस पार्षद दल ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा और बैठक बुलाने के लिए निगम को निर्देश देने का आग्रह किया।



जकी का कहना है कि मानसून आने से पहले बैठक होनी चाहिए थी। ताकि, जलभराव के हालात और नालों की सफाई की स्थिति के बारे में चर्चा हो सके। बावजूद ऐसा नहीं हुआ। योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान का कहना है कि कांग्रेस पार्षद दल बैठक में बजट, जल-प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने समेत कई जनहित के मुद्दों पर चर्चा करना चाहता है, लेकिन बैठक की तारीख ही तय नहीं हो पाई है। अब तो हर बार यह स्थिति बन रही है कि संभागआयुक्त को ज्ञापन आदि देकर नगर निगम परिषद की बैठक कराने के आदेश देने की जरूरत आ रही है।

### लगातार तीसरी बार बैठक के लिए जोर आजमाइश

जानकारी के मुताबिक निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने मीटिंग का एजेंडा और तारीख तय करने का प्रस्ताव भी एमआईसी को भेज दिया है। लेकिन कल तक परिषद मीटिंग की तारीख को लेकर कोई हलचल नहीं दिखी। अब सोमवार को इस पर किसी हलचल के आसार हैं। खास बात यह है कि ऐसा तीसरी बार हुआ है, जब कांग्रेस पार्षद निगम परिषद की मीटिंग के लिए कमिश्नर के पास पहुंचे हों। बजट बैठक को लेकर भी काफी खींचतान की स्थिति बन चुकी है। पिछली दो बैठकों के दौरान भी ऐसा हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष जकी ने कहा कि निगम परिषद की मीटिंग 3 जून-25 को बुलाना प्रस्तावित था, जो 21 जून तक नहीं बुलाई गई है। पार्षद जितेंद्र राजपूत ने कहा कि अब तक न तो मीटिंग की तारीख तय हुई है और न ही कोई एजेंडा सामने आया है। यह नियमों का उल्लंघन है। सभी 85 वार्डों में विकास कार्य शुरू करने समेत कई विषयों पर बात करना है।

### मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का 55वां स्थापना दिवस समारोह

# उच्च शिक्षा में ज्ञान परम्परा के समावेश के लिए उदाहरण बनेगा मध्यप्रदेश : परमार



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने वाला देश भर में अग्रणी राज्य है। प्रदेश में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में हो रहा द्रुत गति से क्रियान्वयन, देश भर में चर्चा का विषय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परम्परा को लेकर हो रहे तेज गति से क्रियान्वयन से, मप्र उदाहरण के रूप में स्थापित हो रहा है। देश के अन्य राज्यों के लिए, हमारी कार्यशैली अभिप्रेरक बनें, इस आशय के साथ हमें सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में, तीव्र गति के साथ क्रियान्वयन करते हुए आगामी लक्ष्यों के निर्धारण में, मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का योगदान अनुकरणीय है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को भोपाल स्थित होटल पलाश में, मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के 55वें स्थापना दिवस समारोह में सहभागिता कर कही। परमार ने अकादमी परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में पाठ्यक्रम एवं पुस्तक लेखन की प्रक्रिया, निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इस लक्ष्य की ओर बढ़ने में, मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी लगातार क्रियाशील है। विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं मितव्ययी पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए, बाजार में भी हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की पुस्तकें उपलब्ध कराने की आवश्यकता है; इससे शिक्षा के व्यापारीकरण पर लगाम लग सकेगी। परमार ने अकादमी के लेखकों को लेखन में सावधानी बरतते हुए, व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति की ओर बढ़ने की बात कही।

# मासूम बच्ची पर कुत्तों का हमला, नगर निगम आयुक्त करेंगे जांच

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के मालवीय नगर में पत्रकार भवन स्थित एक सुलभ कांप्लेक्स के पास आधा दर्जन कुत्तों के झुंड ने छह साल की बच्ची पर हमला करने की घटना पर संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही एवं भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं के रोकथाम के लिए निर्देशित अधिनियमों के तहत प्रस्तावित कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### मानव अधिकार आयोग ने दो मामलों में लिया संज्ञान

आयोग के संज्ञान में आया है कि सुलभ कांप्लेक्स के पास छह साल की बच्ची अपनी साथी छात्राओं के साथ स्कूल से घर जा रही थी, तभी कांप्लेक्स के पास आधा दर्जन कुत्तों के झुंड ने बच्चियों पर हमला कर दिया। हमले में कुत्तों ने बच्ची की आंख-होंठ और पैरों पर नोंचा, जिससे उसे गंभीर चोटें आये है। राहगीरों की मदद से कुत्तों को भगाकर हमले में घायल हुई छह साल की मासूम बच्ची को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया।

### संस्थान को राजभाषा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु पांच पुरस्कार प्राप्त

# हिंदी को सशक्त बनाने निटर भोपाल प्रतिबद्ध -प्रो. त्रिपाठी

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

एनआईटीटीटीआर भोपाल की राजभाषा समिति के सदस्यों के साथ बैठक में निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने संस्थान की राजभाषा हिंदी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्य हेतु संस्थान को विभिन्न स्तर पर पुरस्कार एवं सराहना मिलने पर सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। गत एक वर्ष में संस्थान को राजभाषा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु पांच पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। हाल ही में संस्थान को केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर द्वारा तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिन्हें संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. पुरोहित द्वारा प्राप्त किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के रूप में निभाए गए महत्वपूर्ण योगदान और हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरणादायी नेतृत्व एवं प्रो. पी. के. पुरोहित डीन स्कूल ऑफ साइंसेज एवं राजभाषा समन्वयक को हिंदी में वैज्ञानिक विषयों पर उनके उत्कृष्ट व्याख्यान,पुस्तक लेखन एवं 26 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रही संस्थान की राजभाषा पत्रिका 'संपर्क सरिता' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस अवसर पर निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह सम्मान हमारे संस्थान की हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। एनआईटीटीटीआर भोपाल हिंदी भाषा को एक सशक्त माध्यम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम आगे भी हिंदी के विकास और समृद्धि के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे।





कोरल वुड्स कॉलोनी नर्मदापुरम रोड़ भोपाल में महिला अध्यक्ष श्रीमती विनीता अवस्थी एवं कॉलोनी के सभी महिला सदस्यों नें योग गुरु प्रियंका के मार्गदर्शन में योग दिवस मनाया



भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया।

### सक्षम संगठन का स्थापना दिवस




गत दिवस सक्षम भोपाल जिला शाखा द्वारा सक्षम संगठन के सत्रहवें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जिला शाखा के सह सचिव वीरेंद्र दांगी द्वारा सक्षम गान की प्रस्तुति से किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सुनेरिया लोकपाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश पिंपलीकर ने की। द्वितीय सत्र में सोमकांत उमालकर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में लगभग मूकबधिर, दृष्टिबाधित एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों की उपस्थिति रही।

**मेट्रो एंकर**

### मानसून में जोरदार बारिश ढाएगी कहर, घरों में घुसेगा पानी

# संतनगर में जलभराव का खतरा: नालियों- नालों पर अतिक्रमण

दोहपर मेट्रो, संत हिरदाराम नगर।

आ गया मॉनसून... कभी भी झूमकर बरस सकते हैं बदरा, लेकिन संत नगर (बैरागढ़) में इस बार भी जलभराव का खतरा साफ दिख रहा है। क्षेत्र के सभी वार्डों में नालों पर अतिक्रमण और निगम के पास पर्याप्त संसाधनों की कमी (जैसे पॉकलेन मशीनें और नाला गैंग) ने लोगों की चिंताएँ बढ़ा दी हैं। पार्षद भी मान रहे हैं कि छोटे नालों की सफाई तो किसी तरह हुई है। बड़े नालों की सफाई नहीं हुई है। संत नगर के कई बड़े नाले अवैध कब्ज़ों की चपेट में हैं, जहाँ दुकानें और अन्य निर्माण हो गए हैं। ये अतिक्रमण नालों की सफाई को असंभव बना रहे हैं और बारिश के दौरान जलभराव का मुख्य कारण बनते हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निगम इन कब्ज़ों को हटाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा, जिससे समस्या हर साल और गंभीर होती जा रही है। पिछले कुछ सालों में वार्ड 3, 4 और 5 में जलभराव की गंभीर समस्या देखी गई है, जिसका मुख्य कारण नालों और नालियों से कचरे का साफ न होना है।




पार्षदों का कहना है कि छोटी नालियों की सफाई का काम हुआ है। हालांकि, होटल एमआर पैलेस, कोलूखेड़ी मेन नाला, कुमार मोहल्ला और नई बस्ती जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सफाई का काम ठीक से नहीं हुआ।

**अतिक्रमण बनी सबसे बड़ी चुनौती-** संत नगर की नालियों और नालों पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या है। दुकानों और मकानों ने नालियों पर कब्ज़ा कर रखा है, जिससे उनकी सही तरीके से सफाई नहीं हो पाती। यही कारण है कि पिछले सालों में भी कई इलाकों में जलभराव हुआ है। इस बार भी मॉनसून से पहले बड़े नालों की सफाई और उन पर से अतिक्रमण हटाना निगम के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। यदि निगम इन समस्याओं पर तुरंत ध्यान नहीं देता है, तो बारिश के दिनों में संत नगर के निवासियों को एक बार फिर गंभीर जलभराव का सामना करना पड़ सकता है।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगमय हुआ संपूर्ण जिला

# शरीर और मन स्वस्थ रखने के लिए करें योग : उदय प्रताप

- मंत्री राव अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए
- स्कूली बच्चों, योग संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया



संभागायुक्त कार्यालय, पर्यटन स्थल धूपगढ़ एवं तिलक सिंदूर में भी हुआ योग

### जिले में विभिन्न विकासखंड स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रमों में भी 20 से अधिक योगासन कर लोगो ने जानी योग की महत्ता

### एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर नर्मदापुरम जिले में मनाया गया योग दिवस



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में आज व्यापक स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, केंद्रीय जेल, और विकासखंडों में नागरिकों ने योगाभ्यास कर योग की महत्ता को जाना और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर मध्य प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के साथ संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी की उपस्थिति में कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने योगाचार्य मुकेश मालवीय एवं उनकी सहायिका प्रस्तिथी मालवीय के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। संभागायुक्त सहित कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन के उपरांत योगाभ्यास किया। प्रधान जिला एवं सेशन न्यायालय नर्मदापुरम स्थित एडीआर सेंटर में भी योग साधना से स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया। ऐसे ही प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी के नैसर्गिक वातावरण में धूपगढ़ पर योगाभ्यास कार्यक्रम किया गया। जिले के समस्त विकास खंड स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। नगर में स्थित आर्ष गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा भी योगाभ्यास किया गया। जिले में अन्य कार्यालयों में भी उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया जिसमे केंद्रीय जेल में बंदियों ने योग अभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होकर करो योग रहो निरोग का संदेश दिया। इटारसी के समीप स्थित धार्मिक पर्यटन स्थल तिलक सिंदूर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग साधना कर योग दिवस मनाया गया। इसी प्रकार जिले के अन्य कई स्थानों पर लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रमों में सहभागिता कर उत्साह पूर्वक योग दिवस मनाया।

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम समूचे नर्मदापुरम जिले में अपार उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं योग केंद्र पर तथा पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्कूली बच्चों एवं स्वयं सेवी संगठनों व योग संगठनों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधि गण अपार उत्साह से शामिल हुए। जिला मुख्यालय नर्मदा पुरम में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में योग अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया,

समाज सेवी डॉ. मयंक तोमर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमति नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर विमला गढ़वाल, जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन, एनसीसी एवं एन एस एस के छात्र-छात्राएं, स्कूली बच्चों स्वयं सेवी संगठन एवं योग संगठनों के सदस्यों ने सामूहिक योग का अभ्यास किया। योगाचार्य कमलेश गौर के मार्गदर्शन में योग किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री राव ने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जितना ज्यादा योग करेंगे हमारा मन उतना ही शांत रहेगा। मंत्री श्री राव ने कहा कि योग व्यक्ति घर में भी कर सकता है उसके लिए उसे बाहर जाने की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए हम बेहतर भविष्य गढ़ने का कार्य कर रहे हैं। भविष्य में सभी चीजें एआई के माध्यम से होगी। एआई तकनीक से हम आवश्यक सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा को साबित करके दिखाया है। 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। मंत्री श्री राव ने कहा कि मैं सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं निरोगी जीवन की कामना करता हूं।

योग अभ्यास कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी शामिल हूए। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की बागडोर संभाली है तब से देश चारों ओर प्रगति के पथ पर चल रहा है। विश्व में जब लोग लिखना पढ़ना नहीं जानते थे तब भारतवर्ष ने विश्व को योग का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान योग से होती है। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि वह प्रतिदिन योग करें। उन्होंने बच्चों का आव्हान किया कि वह विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करें। राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा की प्रधानमंत्री श्री मोदी ने योग को देश में ही नहीं अपितु विदेश में भी पहचान दिलाई। आज संपूर्ण विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग करने से तन और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भी योग दिवस पर प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की कामना की। दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण टेलीविजन के माध्यम से किया गया।

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर योग किया गया

नर्मदापुरम जिले सहित प्रदेश में सभी जगह एक पृथ्वी एक स्वस्थ के लिए योग की थीम पर आधारित योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों ने उत्साह पूर्वक शामिल होकर सामूहिक रूप से योग का अभ्यास किया और स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया।

### इन आसनों का किया गया अभ्यास

11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में खड़े होकर किए जाने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन का अभ्यास किया गया। वहीं बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्टासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही उदर के बल लेट कर किए जाने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन, शल भासन, का भी सामूहिक अभ्यास किया गया। पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन सेतु बंधासन, उत्तानपादासन, अर्द्ध हलासन, पवनमुक्तासन, श्वावासन का अभ्यास किया गया। साथ ही कपालभाति और चलन क्रियाएं शिथिली करण अभ्यास जिसमें ग्रीवा चालान, स्कंध संचालन, कटी चालान, घुटना संचालन आदि शामिल है इसका सामूहिक अभ्यास किया गया। अंत में प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम, विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया गया।

### केन्द्रीय जेल में योग एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश / अध्यक्ष के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2025 को ए0डी0आर0 सेंटर नर्मदापुरम एवं केन्द्रीय जेल खण्ड-अ एवं खण्ड-ब में विशेष योग एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा आयोजित योग शिविर में योगाचार्य नीरज दुबे, आचार्य रघुवीर सिंह एवं कु. निक्की शुक्ला द्वारा न्यायाधीश एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। ए0डी0आर0 सेंटर में आयोजित विशेष योग एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विशेष न्यायाधीश की अध्यक्षता एवं विजय कुमार पाठक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में किया गया, जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं समाजसेवी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी गण उपस्थित रहे। केन्द्रीय जेल खण्ड-अ एवं ब में अभय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में विशेष योग शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जेल प्रशासन एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा बताया गया कि साल 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम卐 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गयी थी। उन्होंने योग शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया कि योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव एवं चिंता से मुक्ति मिलती है। एकाग्रता एवं मानसिक स्पष्टता आत्म जागरूकता एवं आत्म ज्ञान में वृद्धि होती है, एक स्वस्थ जीवन शैली के हमें योग को अपनाना चाहिये।



शनिवार की सुबह करीब 11 बजे उपसंचालक कृषि कार्यालय नर्मदापुरम परिसर में लगा गुलमोहर का पेड़ अचानक गिर गया. वाहन स्टैंड पर रखी एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई. शनिवार अवकाश होने के कारण ऑफिस में कर्मचारियों की आवाजाही नहीं थी वरना बहुत गंभीर दुर्घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

## पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए प्रवेश मेला 24 से 26 जून तक

**नर्मदापुरम।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम द्वारा पांच तकनीकी पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु एक विशेष प्रवेश जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रवेश मेला शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत 24 जून 2025 को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्रातः 11ः00 बजे से शाम 4 बजे तक प्रवेश मेला शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 25 जून 2025 को शासकीय कुसुम महाविद्यालय, सिवनी मालवा में और 26 जून 2025 को शासकीय पीजी महाविद्यालय, पिपरिया में प्रवेश मेला शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश मेला स्थल तक आवागमन की सुविधा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विकास विभाग द्वारा उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले विद्यालयों के प्राचार्य को निर्देश जारी किए जाएंगे जिससे छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथियां पर प्रवेश मेला शिविर तक सुगमता से पहुंच सकें। प्रवेश मेले के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा जो तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं और अभी तक प्रवेश नहीं ले पाए हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथियों में निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## पूर्व सांसद के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**गंजबासौदा।** कमलनाथ बिग्रेड द्वारा पूर्व सांसद नकुल नाथ के जन्मदिन पर नगर में जनसेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



कमलनाथ बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अमित मेहता ने बताया कि माँ शीतला माता मंदिर में माता रानी को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई तथा नकुलनाथ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। जय स्तंभ पर मजदूर भाइयों को फलों का वितरण कर किया गया। राजीव गांधी जनचिकित्सालय में मरीजों को फल एवं बच्चों को बिस्किट वितरित किये गए। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क 101 पौधों का वितरण किया गया। जिनमें आम, अमरूद, आँवला, अचार, पीपल, जामुन आदि के पौधे शामिल हैं। इस अवसर पर बरिष्ठ कांग्रेसी बाबू पिंगले, विष्णु प्रसाद शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, हरीश भावसार , रवि यादव, मणी अहिरवार, नफीस अहमद , विकास सेन, लालाराम चंदेल सहित बड़ी संख्या में युवाओं नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कमलनाथ ब्रिगेड सदस्य मौजूद थे।

## विश्व योग दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**



नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विश्व योग दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में श्री राजेश तिवारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, प्रेमनारायण विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड, शैलेंद्र रघुवंशी उपाध्यक्ष भाजपा, सविता पटेल अतिरिक्त तहसीलदार, तपस्या जैन सीईओ जनपद, योगेंद्र परमार थाना प्रभारी सिटी, परता अहिरवार बीईओ, बृजेंद्र रघुवंशी बीआरसी, चंद्रकुमार तारण अध्यक्ष ब्लॉक योग समिति, योगेश त्रिपाठी वरिष्ठ कार्यकर्ता, महेंद्र सिंह रघुवंशी योगाचार्य, एमसी शर्मा प्राचार्य उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पूजन किया तत्पश्चात प्राचार्य एमसी शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण सुनाया गया। इसके बाद योग प्रशिक्षक शफाकत हुसैन कादरी ने सभी के लिए योग का अभ्यास कराया। अपने उद्बोधन में राजेश तिवारी ने कहा कि योग को अपने दिनचर्या का अंग बनाने से हम निरोग और स्वस्थ रह सकते है। वहीं प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि योग आज के समय में शरीर के विकास को जरूरी है इसी तरह अतिरिक्त तहसीलदार, जनपद सी ई ओ और सभी अतिथियों ने आज के समय में योग की अनिवार्यता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और पालकों ने भी योग किया, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अनिल दुबे ने तथा आभार प्राचार्य एमसी शर्मा ने व्यक्त किया।

## गौशाला हुई तीसरी बार सम्मानित, प्रदेश में मिला द्वितीय स्थान, शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ मिला तीन लाख का पुरस्कार

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**



नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पषु सेवा केंद्र गौशाला को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ 3 लाख का चेक देकर सम्मानित किया शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय गौशाला सम्मेलन आयोजित किया में नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र को वर्ष 2024 में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर सीएम डा. मोहन यादव ने शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ 3 लाख का चेक देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी गौशाला को वर्ष 30 सितम्बर 2018 में खजुराहो में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समक्ष सीएम शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रथम पुरस्कार, 3 अप्रेल 2023 में अमरकंटक में अध्यक्ष संजय कुमार जैन को व्यक्तिगत पुरस्कार दिया जा चुका है। गौषाला सम्मेलन में अध्यक्ष संजय जैन के साथ गौशाला कमेटी एवं समाज सेवी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर** भारत विश्व गुरु बनने अग्रसर, योग एक अच्छे स्वास्थ्य और उच्च जीवन स्तर का सरल माध्यम

# योग ने भारत को विश्व में दिलाई एक अलग पहचान

**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**



सम्पूर्ण विश्व में 21 जून को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा हैं।इसी क्रम में तेन्दूखेड़ा स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में मंत्री के प्रतिनिधि रुप में सतेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम में योगभ्यास के माध्यम से भारत की पहचान के रूप में विश्व में अपनाये जाने वाले योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में सतेंद्र भैया ने भारत को स्वच्छ बनाने हेतु और योग को जीवनचर्या में नियमित स्थान देने हेतु संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल ,नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ,नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव ,सांसद प्रतिनिधि ठा. मूरत सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ परम् सिंह ,पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ,विधायक प्रतिनिधि विवेक जैन ,मनीष मोदी ,मण्डल महामंत्री राजीव जैन ,युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन,कार्यक्रम प्रभारी रघवीर सिंह लोधी ,गजराज यादव ,राम राय ,रामकुमार केवट एवं तहसीलदार डॉ विवेक व्यास ,नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी ,बीईओ नीतेश पांडे सहित पतंजलि योग समिति से योग प्रशिक्षक विकासखंड के सभी विभागीय कर्मचारी,युवा वर्ग की उपस्थिति रही।

### आंगनबाडी केंद्र में बच्चों ने योग कर मनाया योग दिवस

11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एवं स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित नगर की आंगनबाडी वार्ड 11 दो के बच्चों ने रेस्टहाउस पहुंचकर योगाभ्यास किया। आंगनबाडी कार्यकर्ता जानकी रैकवार ने बच्चों को बताया कि यह दिन योग के महत्व, शारीरिक व मानसिक संतुलन और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। योग सिर्फ व्यायाम ही नहीं, जीवन जीने की कला है। आप सभी इस योग दिवस पर अपनाए, संतुलन स्वास्थ्य और सशक्त मन। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। तनाव कम होता है, मानसिक शांति मिलती हैं। वजन नियंत्रित रहता है, बीमारियों से बचाव होता है। सुबह योगा करने से पूरा दिन ऊर्जावान रहता है। योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले योग की शुरुवात सूर्य नमस्कार से हुई। इसके साथ ही अनुलोम, विलोम प्राणायाम के साथ विभिन्न प्रकार के आसन कराए गए। योगाभ्यास में ईशिका कटारे, सांविका कटारे, माहनूर, हुरिया, आदीना, मोहित, यशवंत नामदेव, हर्षिका, सिद्धार्थ,, राधिका लोधी एवं सहायिका रीना लोधी रहे।



## संत सुधा सागर महाराज का हुआ नगरागमन, एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आए लोग



**सिरोंज।** शनिवार को नगर में मुनि श्री सुधा सागर जी का संसंघ का मंगल हुआ है। जैन समाज जनों ने मंगल प्रवेश को लेकर विशेष तैयारी की गई थी एलबीएस कॉलेज मुनि श्री की मंगल अगवानी की उनकी एक झलक पाने के लिए समाजजनों भारी उत्साह नजर आ रहा था अपनी प्रतिष्ठा बंद रखें जगह-जगह रंगोली और आदि जलकर मुनि श्री की वंदना की महाराज जी छतरी नाका से कस्टम पथ होते हुए चंद्र प्रभ जिनालय यही पर शाम 6 बजे शंका समाधान चंद्र प्रभ जिनालय एवं रात्रि विश्राम यहीं पर हुआ संतुष्ट का सागर जी के स्वागत के लिए सभी अतुल नजर आ रहे थे उनकी वंदना और पूजन करने के लिए कई किलोमीटर दूर तक जैन समाज जन्म उनके साथ पैदल चले पूरा शहर सुधा सागर जी की जयकारों से गुंजन मन था

# सीएम ने गौशाला को सांत्वना पुरस्कार पचास हजार की राशि से सम्मानित किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

राज्य स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन, गौ-पालक, गौशाला संचालक एवं प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री के निवास पर शुक्रवार को आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विदिशा जिले की दयोदय श्री विद्यासागर गौ संवर्धन केन्द्र गौशाला उदयगिरी को आचार्य श्री विद्यासागर जीवदया (गौसेवा) पुरस्कार वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सांत्वना पुरस्कार की राशि पचास हजार रूपए की राशि से सम्मानित किया है।

पशुपालक एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ एनके शुक्ला ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया (गौसेवा) पुरस्कार योजना अंतर्गत प्रदेश की सभी शासकीय एवं अशासकीय गौशालाओं का गौशाला में संरक्षित पशु संख्या, निशक्त गौवंश की संख्या, भूमि स्वामित्व क प्रकार, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य प्रबंधन, अभिलेख संधारण एवं शेड की व्यवस्था हेतु प्रत्येक के लिए पूर्णांक दस अंक रखे गए थे तथा नस्ल संरक्षण कार्य, हरा चारा उत्पादन, अन्य स्त्रोतो से अर्जित आय, गौ मूत्र औषधी निर्माण, गौ उत्पादो से अर्जित आय एवं पुलिस अभिरक्षा से गौवंश की प्राप्ति के लिए पूर्णांक पांच अंक रखे गए थे। दयोदय श्री विद्यासागर गौसंवर्धन केन्द्र गौशाला उदयगिरी गौशाला द्वारा कुल पूर्णांक 100 अंक में से 89 अंक अर्जित किए है।

डॉ शुक्ला ने बताया कि भोपाल में आयोजित हुए सम्मेलन में विदिशा जिले से 425 गौशाला संचालक पदाधिकारी, गौपालको एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सहभागिता निभाई गई थी।

### मंत्री पटेल लटेरी के गोपीतलई में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए

# पुराने जल स्रोतों को संवारें तभी हम नई पीढ़ी को दे सकेंगे जल : पटेल

**मंत्री पटेल ने सिंध एवं सगड़ नदी के उद्गम स्थल पर पूजन अर्चना की**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज विदिशा जिले की लटेरी तहसील के वार्ड क्रमांक 14 गोपीतलई में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सिंध एवं सगड़ नदी के उद्गम स्थल पर पूजन अर्चना में सहभागिता निभाई। उद्गम स्थल पर पूजन अर्चना के साथ-साथ जल जल और पंचामृत भी अर्पित किया। इसके उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी ने जल स्रोतों को संवारने व उनके जीर्णोद्धार और पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से इस वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान की क्रियान्वयन अवधि 3 माह तक संचालित की है जो जल संरक्षण की दिशा में प्रशंसनीय है।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष उन्होंने प्रदेश के कुल 79 उद्गम स्थलों का निरीक्षण किया है, लेकिन जल स्रोतों को संवारने व पानी की उपलब्धता आगामी पीढ़ी को सुनिश्चित हो उसके लिए आज हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से पुराने जल स्रोतों को संवारने, पुनर्जीवन और नए निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि आगामी पीढ़ी को पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। लेकिन हमें जल स्रोतों की चिंता करनी होगी साथ-साथ उन्हें जिंदा रखना हमारी जिम्मेदारी होगी। पिछले कुछ सालों में ग्रामीण क्षेत्रों में जो जल स्रोत थे वह समाप्त हुए हैं उसकी क्या वजह रही है उसे जानने की आवश्यकता है



और उन्हें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता भी है। जल गंगा संवर्धन अभियान का सिद्धांत है कि नए स्रोत तैयार करें और पुराने जल स्रोतों को भी संवारें। वर्तमान की स्थिति में धरती का जल स्तर नीचे जा रहा है इसलिए हमें जल स्रोतों को संवारना होगा। उन्होंने कहा कि बड़ी नदियां तब बनेगी जब हम छोटी नदियों को बारहमासी बनाएंगे। साथ ही साथ उन्होंने पौधारोपण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें जल संरक्षण के साथ-साथ पौधे लगाने की भी आवश्यकता है इसलिए हमें पौधे लगाना तो है साथ ही उन्हें वट वृक्ष बन जखने तक संरक्षण का कार्य भी करना है। यदि हम पांच सात वर्षों तक निरंतर इसी प्रकार से कार्य करेंगे तो निश्चित तौर पर जल स्रोतों को तैयार कर सकेंगे और हमारी आगामी पीढ़ी को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध हो सकेगा और आने वाले वर्षों में जल संकट जैसी स्थिति निर्मित नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में बासौदा की पाराशरी नदी के लिए किये जा रहा है कार्यों का भी जिक्र किया उन्होंने कहा कि पाराशरी नदी में 5 किलोमीटर तक का कार्य किया जा रहा है, जो क्षेत्र के लिए बड़े स्तर पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

इस दौरान कार्यक्रम में लटेरी नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शैलेश भंडारी, संदीप डोंगर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, लटेरी एसडीएम विनीत तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक बंधु मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत ओखलीखेडा से कुण्डलपुर तक डामरीकृत सड़क निर्माण हेतु चयन

### यातायात प्रभावित ना इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई

विदिशा जिले के विकासखण्ड लटेरी की ग्राम पंचायत मोतीपुर अंतर्गत ग्राम कुण्डलपुर जिसकी आबादी तीन सौ अस्सी है। इस ग्राम के लिये मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2018 में ओखलीखेडा से कुण्डलपुर तक ग्रेवल मार्ग स्वीकृत हुआ था। जिसमें 2.57 कि.मी. लम्बाई का ग्रेवल मार्ग के साथ मे तीन पुलिया का निर्माण किया जाना था। जिसका निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग विदिशा द्वारा सितम्बर 2019 में पूर्ण कराया गया था।गौरतलब हो कि ग्राम में निजी भूमि विवाद होने के कारण यह मार्ग दो कि.मी. लम्बाई तक ही बनाया जा सका था। इस कारण यह ग्राम सम्पर्कता से वंचित रह गया है।

म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना के महाप्रबंधक श्री एस.पी. आर्य ने बताया कि क्रियान्वयन इकाई-विदिशा के द्वारा वर्तमान में म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण इकाई विदिशा द्वारा उक्त ग्राम कुण्डलपुर के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत ओखलीखेडा से कुण्डलपुर तक



डामरीकृत सड़क निर्माण हेतु चयन कर प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। स्वीकृति उपरांत सड़क का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

#### वैकल्पिक - व्यवस्था

ओखलीखेडा से कुण्डलपुर तक पहुंच मार्ग पर फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के लिये ग्राम पंचायत के माध्यम से मुरूम डलवाकर मार्ग को मोटरेबल कराया जा रहा है। ताकि आवागमन प्रभावित ना हों सकें।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी किया योगाभ्यास



**सिरोंज।** शनिवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी तथा कई निंजा स्कूलों के साथ ही भाजपा नगर मंडल के द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें प्रशिक्षित शिक्षकों ने योग अभ्यास की सभी क्रियाएं कार्रवाई साथ ही प्रतिदिन योग करके अपने शरीर को स्वस्थ रख बनाने के लिए प्रतिदिन योग करने पर जोर दिया है सुबह बरसात के कारण संदीपनी विद्यालय में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम बरसात के कारण अंदर उसे कारण मात्र 50-60 लोग भी शामिल हुए इस दौरान बी ई ओ उमेश सोनी ,बी आर सी ओम प्रकाश रघुवंशी, प्राचार्य महेश ताम्रकार, संजीव माथुर आदि मौजूद थे ।इसी तरह भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा योग के महत्व को समझते हुए योग कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर एकत्रित भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग आचार्य के निर्देशों पर सामूहिक रूप से योग किया। द मंच से गायत्री परिवार की कार्यकर्ता तथा नियमित योग क्लास संचालित करने वाली समाजसेविका नीति टंडन ने विधिवत योग की क्रियाएं कराते हुए उनसे होने वाले लाभों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 वर्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ किए गए योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान सीताराम कुशवाहा,नेता हरीबाबू भार्गव,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, मनोज साईनाथ,पारस तरण सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह सिरवास में मैं भी भारतीय किसान संघ के द्वारा योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल ने योग करने से होने वाले फायदा के बारे में विस्तार से बताया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सिरोंज।** विदिशा जिले की 57 आंगनवाडी केन्द्रो में रिक्त कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदों की पूर्ति हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा ने बताया कि केन्द्रवार सूची एवं संबंधित पद हेतु आवश्यक अर्हताएँ योग्यताओं का उल्लेखित जानकारी जिला स्तर से जिला के जिन कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा की गई तदनुसार कलेक्टरेट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नगर पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तहसील कार्यालय जनपद पंचायत कार्यालय बाल विकास परियोजना कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत नगरीय क्षेत्र के वार्ड कार्यालय एवं ग्राम के सूचना पटल पर भी सूचना चस्पा कर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर रिक्त पदों की जानकारियों अवगत कराने की पहल की गई है। आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जा कर नियुक्ति नवीन निर्देश अनुसार की जायेगी। विभाग के संचालनालय द्वारा जारी विज्ञापन में जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी उल्लेखित की गई है। महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं कीआंगनवाड़ी केन्द्रवार रिक्त पदों का विवरण संबंधित जिले के बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं पोर्टल (https://chayan.mponline.gov.in ) पर उपलब्ध है। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि नियुक्ति से संबंधित नियम निर्देश शर्त आवेदन का प्रारूप शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित जानकारी एमपी आनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर उपलब्ध है। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक योग्यताएँ एवं अहर्ताएं तदनुसार जिस ग्राम नगरीय क्षेत्र के वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति की जानी है। आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम एवं शहरी नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। अन्य ग्राम व वार्ड की महिला आवेदन हेतु पात्र नहीं है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी 12वीं उत्तीर्ण अनिवार्य है।

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न**

## बारिश में पेयजल दूषित ना हो पाएं : कलेक्टर गुप्ता

**सिरोंज ।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति (डीडब्ल्यूएससी) की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के



कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं समस्त उप यंत्री, विद्युत विभाग के अधिकारी तथा जल निगम के अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा काल को ध्यान गत रखते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि एक भी पेयजल स्रोत का पानी दूषित ना हो पाए। उन्होंने स्रोतों के शुध्दिकरण के संदर्भ में क्रियान्वित कार्य में कहीं भी जरा सी भी चूक ना हो के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आमजनों को बारिश के मौसम में पेयजल को कैसे स्वच्छ रखें की जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि वर्षा काल को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सभी स्रोतों का क्लोरिनेशन का कार्य अति शीघ्र पूर्ण कराए । ग्राम पंचायतें यह सुनिश्चित करें कि नलजल योजना के स्रोतों के आसपास कोई गंदगी ना रहे। कलेक्टर ने नलजल योजना हस्तांतरण के पूर्व संबंधित जनपद के सीईओ के संयुक्त निरीक्षण उपरांत ही संबंधित पंचायत को सौंपी जाए। ग्राम पंचायतों को वितरित किए गए एफटीके के माध्यम से पेयजल के श्रोतों के परीक्षण नियमित रूप से कराया जावे। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण अति शीघ्र पूर्ण करें एवं जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य करने में विलंब किया जा रहा है उनकी बैठक आयोजित कराकर समय से कार्य पूर्ण कराया जाए इसके बावजूद यदि विलंबता होती है मापदंडों के अनुसार कार्य वाही की जाएं। कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के साथ नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने जलकर की वसूली ग्राम पंचायत एवं सहायता समूह के माध्यम से कराना सुनिश्चित किया जाए से ताकिद किया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और ऊर्जा विभाग को कोई भी योजना विद्युत के कारण बंद ना रहे ।स्रोत के अभाव में जो नलजल योजनाएं बंद हुई हैं उनमें वैकल्पिक स्रोत तलाश कर योजनाओं को चालू कराया जाये।

# बारिश के पानी को सहेजने भवनों में नहीं बन पाया वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, व्यर्थ बह जाएगा पानी

**■ सरकारी भवनों में टूटे पड़े पाइपलाइन भू- जलस्तर बढ़ाने के प्रयास नहीं जिला प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान इस मानसून में फिर व्यर्थ बह जाएगा बारिश का पानी**



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

बरसाती जल को जमीन में पहुंचाने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए चर्चाएं तो बहुत होती हैं पर इसे जमीनी स्तर पर लाने के लिए अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, बल्कि वर्ष 2017 में तत्कालीन कलेक्टर ने गिरते जलस्तर को भांपते हुए शासकीय कार्यालयों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने के निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन 8 वर्ष बाद भी सरकारी कार्यालयों में इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जबकि मकानों में सिस्टम बनाने की अनिवार्यता पहले से है ये जबावदेही नगर परिषद को दी गई है मानसून की शुरुआत हो चुकी हैं, तो इस साल भी बरसात का पानी व्यर्थ बह जाएगा और जमीन प्यासी रह जाएगी। जबकि पानी के महत्व को हर कोई जानता है। हालांकि भूमिगत जलस्तर बढ़ाने एवं जल संरक्षण को लेकर शासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए भले ही तमाम प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जल संरक्षण एवं भूमिगत जलस्तर बढ़ाने में स्थानीय प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है

### कहीं भी नहीं होता नियमों का पालन, अधिकारी बेखबर

सरकार ने बारिश का पानी धरती में उतारकर भू-जलस्तर बढ़ाने के लिए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया है। लेकिन यहां पर ऐसा नहीं होता दिखाई दे रहा है जल को संरक्षित करने के प्रति नगर परिषद प्रशासन का ध्यान नहीं है। पिछले आठ साल से भवन जरूर बन रहे है लेकिन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का शुल्क तक जमा नहीं कराया गया है इस वजह से बारिश का पानी छतों से नालियों में व्यर्थ बह रहा है। नगर परिषद द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त पर ही नए भवनों की अनुमति दी जाती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जांच नहीं करते हैं। बताया गया है कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2009 से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू किया। जिसमें 1500 वर्गफीट में बनने वाले मकान पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया। इसके लिए नगरीय क्षेत्रों में भवन निर्माण के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए अनुमति के पहले फीस जमा कराई जाती है लेकिन पिछले आठ वर्ष से भवन जरूर बने है लेकिन वॉटर सिस्टम को लेकर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। इससे न सिर्फ भू-जलस्तर को बढ़ाने की योजना फेल हो रही है बल्कि बारिश का पानी भी पूरी तरह से व्यर्थ बह रहा है। इस सिस्टम का पालन निजी, शासकीय किसी भी निर्माण में नहीं किया जा रहा है। जिससे भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। सिर्फ आदेश कागजो पर ही दौड़ते हुए नजर आ रहे है। अधिकारियो द्वारा भी निगरानी नहीं की जा रही है और निर्माण मनमानी से हो रहे है।

### सिर्फ गड्ढा खोदकर की जा रही खानापूर्ति

निर्देशों पर करीब 8 साल पहले नगर परिषद में सिस्टम बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन यहां भी सिर्फ गड्ढा खोदकर कार्य की खानापूर्ति कर दी गई। हालांकि ब्लॉक के सरकारी भवनों में इस नियम का पालन नहीं किया गया है। जिसमें नगर परिषद, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, आरईएस कार्यालय, आजीविका मिशन कार्यालय, जन शिक्षा केंद्र बीआरसी कार्यालय, कृषि उपंज मंडी, स्वास्थ्य केंद्र, थाना, मिट्टी परीक्षण केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लोक सेवा केंद्र, वन परिक्षेत्र कार्यालय, महिला बाल विकास, पशु चिकित्सालय, शासकीय कॉलेज, हाईस्कूल सहित सभी सरकारी स्कूल भवनों में भी अब तक वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाए गए हैं।

### शुल्क लेने के बाद भी नहीं दे रही ध्यान

नगर परिषद द्वारा दी जाने वाली मकान निर्माण की स्वीकृति में भी वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण नियमानुसार जरूरी है। इसके लिए नगर परिषद द्वारा मकान की अनुमति देने के दौरान निर्माणकर्ताओं से शुल्क जमा कराया जाता है। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने पर नगर परिषद द्वारा यह राशि लौटने का भी प्रावधान है। नगर के लोगों के हजारों रुपए नगर परिषद के पास जमा हैं, लेकिन किसी के द्वारा भी राशि वापसी की मांग नहीं की गई है। नगर के कितने भवनों में सिस्टम लगाए गए है, इसका रिकॉर्ड नगर परिषद के पास नहीं है

## टॉप-5 में तीन भारतीय, अरविंद चितंबरम टॉप-10 से बाहर

# प्रज्ञानंदा फीडे लाइव चेस रेटिंग में गुकेश से आगे

**नई दिल्ली , एजेंसी**

चेस ग्रैंड मास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंदा फीडे लाइव चेस रेटिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश से आगे निकल गए हैं। गुकेश छठे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा का लाइव चेस रेटिंग 2777.2 तक पहुंच गया, जो गुकेश के 2776.6 से थोड़ा आगे है।



प्रज्ञानंदा इस समय उज्बेकिस्तान शतरंज महासंघ की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित उजचेस कप मास्टर्स में हिस्सा ले रहे हैं। पहले राउंड में ड्रॉ के बाद,प्रज्ञानंदा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वोखिदोव को सफेद मोहरों से हराया। वह वर्तमान में 1.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर हैं।

फीडे लाइव चेस रेटिंग में टॉप-10 में तीन भारतीय फीडे लाइव चेस रेटिंग में टॉप-10 में तीन भारतीय रह गए हैं। इससे पहले पिछली बार जारी रेटिंग में टॉप-10 में चार भारतीय थे। जिनमें प्रज्ञानंदा, गुकेश, अर्जुन और अरविंद चितंबरम शामिल थे। अरविंद ने आर्मेनिया में आयोजित 6वें स्टीफन अवाग्यान मेमोरियल में खिताब जीता था। 20 जून को जारी रेटिंग में अर्जुन और अरविंद चितंबरम को नुकसान हुआ है। अर्जुन तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग 2780.7 रह गया है। वहीं, अरविंद चितंबरम टॉप-10 से बाहर हो कर 15 पर पहुंच गए हैं। उन्हें 5 स्थान का नुकसान हुआ है। उनका रेटिंग 2741.3 हो गया है।

# सबालेंका ने चार मैच प्वाइंट बचा रयबाकिना को हराया



**बर्लिन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बिंलन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया। सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

# नीरज चोपड़ा का साल का पहला खिताब




**पेरिस।** दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने पहले ही राउंड में 88.16 मीटर का थ्रो फेंककर जीत सुनिश्चित कर ली। वहीं, इससे पहले उन्होंने 90.23 मीटर थ्रो किया था और दूसरे स्थान पर थे। वहीं पेरिस डायमंड लीग में जर्मनी के जूलियन वेबर 87.88 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे। ब्राजील के मौरिसियो लुइज डा सिल्वा ने 86.62 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। नीरज के छह में से तीन थ्रो फाउल नीरज चोपड़ा ने अपना पहला थ्रो 88.16 मीटर का किया था। वहीं उनके तीन थ्रो फाउल रहे। पहले राउंड में वेबर (87.88 मीटर) और त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (80.94 मीटर) का नंबर था। दूसरा राउंड- वेबर ने 86.20 मीटर का थ्रो फेंका, जबकि नीरज ने 85.10 मीटर का थ्रो दर्ज किया और वालकॉट ने 81.66 मीटर के साथ सुधार किया।इसके बाद नीरज लगातार तीन बार फाउल कर बैठे।

## अकेले बुमराह क्या-क्या करें? अंग्रेजों के 3 कैच टपकाए

# आज भारत के पलटवार का दिन क्या होगा गिल का गंभीर प्लान

**लीड्स, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच जारी है। इस मुकाबले का रव?िवार (22 जून) को तीसरा दिन है। दूसरे दिन इंग्लैंड ने बैजबॉल स्टाइल में बल्लेबाजी की और महज 49 ओवर्स में 209/3 का स्कोर बना द?िए। भारत की पहली पारी 471 रनों पर समाप्त हुई थी।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि भारत को जो 3 विकेट मिले हैं, वो सभी जसप्रीत बुमराह ने हास?िल किए हैं। 13 ओवर्स में बुमराह ने 48 रन देकर ये तीन विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉउली (4) पहले ही ओवर में कैच आउट हुए। बेन डकेट (62) को जसप्रीत बुमराह ने क्लीन बोल्ड किया। वहं जो रूट भी बड़ा स्कोर नहीं बना सके और बुमराह की गेंद पर नायर को ही कैच थमा बैठे।

बुमराह को गेंदबाजी के दूसरे छोर से बिल्म्कुल भी सहयोग नहीं मिला। मोहम्मद सिराज अपने शुरुआती स्पेल में बेहद महंगे रहे। वहीं प्रस?िद्ध कृष्णा अब तक अपने 10 ओवर्स में 56 रन लुटा बैठे हैं। शार्दुल ठाकुर ने भी अब तक अपने 3 ओवर्स में 23 रन दिए हैं। जडेजा ने कंजूसी भरी गेंदबाजी ( 9 ओवर्स में 25 रन) तो की लेकिन विकेट उनके खाते में नहीं आए।



## कैच टपकाए वरना हश्र कुछ और होता

ऐसे में लीड्स में तीसरे दिन का खेल जब शुरू होगा तो नए कप्तान शुभमन गिल और टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को इस प्लान के साथ उतरना होगा कि कैसे इंग्लैंड को जल्द आउट कर सकती है। ताकि दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर भारतीय टीम इंग्लैंड को एक बड़ा स्कोर दे सके। भारतीय टीम की फील्डिंग बेहद खराब रही और रवींद्र जडेजा और यशस्वी जायसवाल जैसे सुरक्षित हाथों वाले फील्डर्स ने कैच टपका दिए। अगर इन दोनों ने बुमराह की गेंद पर कैच पकड़ लिए होते तो शायद नतीजा कुछ और होता। ओली पोप जो फिलहाल 100 रन बनाकर नाबाद डटे हुए हैं, वो 60 रन पर आउट हो सकते थे। 31वां ओवर जो बुमराह कर रहे थे, उसमें बुमराह की गेंद पर ओली पोप का आसान कैच यशस्वी जायसवाल से तीसरी स्लिप में छूट गया। उससे पहले बेन डकेट का पांचवें ओवर में यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच तब छूटा जब वो 15 रन थे। इसके बाद बेन डकेट का ही सातवें ओवर में रवींद्र जडेजा ने प्वाइंट की दिशामें एक बार फिर 15 रन पर कैच टपका दिए।

## भारतीय महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में टीम खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम)।** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया।

ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

## मनोरंजन
## बॉलीवुड का कोना



## शादी के 15 साल बाद पति से अलग हुईं ये रिश्ता एक्ट्रेस, मशहूर कोरियोग्राफर ने छोड़ा बॉलीवुड

शनिवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया में काफी कुछ घटा। जहां एक तरफ आमिर खान की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। वहीं टेलीविजन की दुनिया से एक बड़ी खबर सामने आई। सीरियल ये रिश्ता। फेम एक्ट्रेस लता सभरवाल अपने पति संजीव सेठ से अलग हो चुकी हैं। इसके अलावा फेमस कोरियोग्राफर गीता कपूर ने खुलासा किया कि उन्होंने बॉलीवुड को छोड़ दिया है।

एक्ट्रेस लता सभरवाल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो अपने पति एक्टर संजीव सेठ से अलग हो चुकी हैं। वो इस मामले पर काफी समय से चुप थीं। दोनों के बीच अनबन की खबरें काफी समय से चल रही थी। सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। फिल्म ने अपने पहले दिन शानदार ओपनिंग की। सितारे जमीन पर ने पहले दिन नेट 10।70 करोड़ रुपये कमाए। अहमदाबाद के मेघानीनगर में 12 जून को हुए एअर इंडिया का प्लेन क्रैश हो गया। उसके बाद से फिल्म प्रोड्यूसर महेश जीरावाला लापता थे। उनके मोबाइल की आखिरी लोकेशन प्लेन क्रैश साइट के आसपास ट्रैक की गई। ऐसा माना गया कि प्रोड्यूसर की मौत प्लेन क्रैश में हुई है। अब इस खबर की पुष्टि की गई है। फेमस कोरियोग्राफर-जज गीता कपूर ने बॉलीवुड छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में इसकी वजह बताई। गीता ने

# थिएटर्स में छाई आमिर खान की 'सितारे जमीन' पर

सुपरस्टार आमिर खान एक लंबे वक्त के बाद थिएटर्स में आ चुके हैं। उनकी पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। लेकिन अब करीब तीन सालों के इंतजार के बाद वो ऑडियंस के बीच अपनी नई फिल्म सितारे जमीन पर लेकर आ गए हैं। जो उनकी हिट फिल्म तारे जमीन पर का स्पिरिचुअल सीक्वल है।



आमिर की फिल्म का थीम जबसे सामने आया है, हर कोई इसे एक बार देखने के लिए बेताब है। उनकी फिल्म बौद्धिक अक्षमता वाले कुछ खास बच्चों की कहानी को दिखाती है जिन्हें आमिर बास्केटबॉल सिखाते हैं। फिल्म रिलीज से पहले ही काफी सुर्खियों में बनी हुई थी। अब ये फाइनली रिलीज हो चुकी है जिसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आ चुका है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सितारे जमीन पर ने बॉक्स ऑफिस पर नेट 10.70 करोड़ रुपये की ओपनिंग की है।

फिल्म ने थिएटर्स में शुक्रवार को अच्छी ऑक्यूपेंसी भी देखी। आमिर की फिल्म ने थिएटर्स में 21।43त्न ऑक्यूपेंसी देखी। फिल्म के सबसे ज्यादा शोज दिल्ली में लगे। दिल्ली में करीब 1000 शोज लगे जहां 25त्न ऑक्यूपेंसी नोट की गई। हालांकि सितारे जमीन पर की कमाई में शनिवार को एक बड़ा जंप देखने मिल सकता है क्योंकि फिल्म को हर तरफ से अच्छा वर्ड ऑफ माउथ मिल रहा है। अब देखना होगा कि आमिर की फिल्म को शनिवार की छुट्टी का कितना फायदा मिलता है।

सितारे जमीन पर की ओपनिंग आमिर की पिछली 5 फिल्मों के मुकाबले काफी कम है। उनकी पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा ने बॉक्स ऑफिस पर 11.70 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। वहीं, आमिर को अपने करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग ठग्स ऑफ हिंदोस्तान से मिली थी। उस फिल्म ने 52.25 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। सितारे जमीन पर ने तारे जमीन पर के ओपनिंग कलेक्शन को भी पछाड़ा है।

## फातिमा ने कास्टिंग काउच पर की बात

# मी टू के बाद लोगों में आया बदलाव



**अभिनेत्री फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मेट्रो इन दिनो' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान फातिमा ने मी टू अभियान और कास्टिंग काउच को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि मी टू अभियान के बाद इंडस्ट्री में कैसे चीजें बदली हैं और क्या बदलाव आया है।**

ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ बातचीत के दौरान फातिमा ने कहा कि मी टू अभियान के बाद इंडस्ट्री में एक बदलाव देखने को मिल रहा है। काफी हद तक चीजें बदली हैं और जवाबदेही बढ़ी है। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं। लोग बहुत ज्यादा जवाबदेह हैं। वे थोड़े ज्यादा डरे हुए हैं। आज ज्यादातर फिल्म सेट पर दुराचार की शिकायतों को पुलिस मामलों में बढ़ने से पहले ही संबोधित करने के यूनिट हैं, ताकि आप उनसे इस मामलों से जुड़ी शिकायतें कर सकें। इन मुद्दों पर बातचीत को अब ज्यादा गंभीरता से लिया जाता है। अब बातचीत होती है। जांच होती है। यह हर इंडस्ट्री में होती है।'

### यह एक पुरुष प्रधान इंडस्ट्री है

एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'आप किसी के साथ काम कर रहे हैं, आप इंटीमेट हो गए हैं। लेकिन फिर आप समझ नहीं पाते, चीजें बदल जाती हैं। ये सब अक्सर होता है। संदेह का लाभ अक्सर सही ढंग से, महिलाओं को दिया जाता है। क्योंकि यह एक पुरुष प्रधान इंडस्ट्री है। और अब, मी टू के बाद, महिलाएं इसके बारे में बात कर सकती हैं। आपको जवाबदेह ठहराया जाएगा।'

### 'मेरे साथ इंडस्ट्री नहीं हुआ ऐसा'

अपने अनुभवों को बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मैंने बॉलीवुड में इसका सामना नहीं किया है। ऐसा नहीं है कि इंडस्ट्री खराब है। कोई भी घटना जो हुई है, वह बस एक छोटी सी, छोटी-मोटी बात और कोई बातचीत थी। इस तरह के मुद्दे केवल फिल्म सेट तक ही सीमित नहीं हैं। असल में कॉर्पोरेट जगत में भी यह समस्या उतनी ही गंभीर है। जब आप साथ होते हैं तो कॉर्पोरेट इंडस्ट्री ही जीवन है। इसलिए वहां यह और भी अधिक है। और भी अधिक खतरनाक है।' इस दौरान फातिमा ने पॉश की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस एजेंसी में कलाकारों, क्रू और सभी एचओडी के साथ आप बैठक कर सकते हैं।

# एक्टिवा सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित रंगला पंजाबी ढाबा के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार



को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। मृतक की एक्टिवा और टूटे हुए मोबाइल से परिनज से संपर्क कर शनिवार को शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है रंगला पंजाबी ढाबा के पास हुआ देर रात हादसा हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे सूचना मिली कि रंगला पंजाबी ढाबा के पास किसी युवक का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान शव से कुछ दूरी पर एक्टिवा पड़ी हुई थी। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से केवल टूटा हुआ मोबाइल मिला था। पुलिस ने मोबाइल की सिम निकालकर अपने मोबाइल में डाली और एक्टिवा का रजिस्ट्रेशन नंबर आरटीओ की वेबसाइट पर सर्च किया। मोबाइल के कांटेक्ट नंबर के आधार पर मृतक की बहन से बातचीत हुई और उन्हें घटना की जानकारी दी गई। मृतक की बहन ने पुलिस को बताय कि मृतक विजय मोलानी पिता रामदास मोलानी (43) कैलाश नगर बैरागढ़ में रहता था और प्राइवेट काम करता था। भारी वाहन की चपेट में आया विजय अनुमान है कि विजय तोलानी को किसी हेवी वाहन ने चपेट में लिया है। दरअसल, शव पर से वाहन का पहिया गुजरने से शव रोड में बुरी तरह से चिपक गया था। शव के अलग अलग टुकड़े भी हो गए थे। सिर बुरी तरह से कुचला हुआ था। देर रात पुलिस को शव मर्चूरी पहुंचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# आर्मी के मेजर पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर भोपाल के एक आर्मी मेजर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज किया




है। पत्नी का आरोप है कि शादी के बाद पति और उनके सास-ससुर दहेज में 30 लाख नगद और कार की मांग कर प्रताड़ित करते हैं। शादी के दौरान पीड़िता का परिवार करीब 50 लाख रुपए खर्च कर चुका है। विवाद के बाद पीड़िता ससुराल छोड़कर मायके में रह रही हैं। पुलिस ने बताया कि 31 साल महिला अरविंद विहार बागसेवनिया की रहने वाली हैं। एक साल पहले उनकी शादी अनुराधा नगर निवासी पर्व मलिक से हुई थी। पर्व मलिक आर्मी में मेजर हैं। फिलहाल उनकी पोस्टिंग पंजाब के फिरोजपुर में है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनके पति पर्व, ससुर जयदीश और सास सीमा दहेज कम मिलने को लेकर परेशान करते थे। वे दहेज में अतिरिक्त 30 लाख रुपए नकद और एक कार की मांग कर रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# गांधीनगर से लापता नाबालिग झाबुआ में मिली

**भोपाल।** गांधी नगर पुलिस ने डेढ़ महीने पूर्व रहस्यमय तरीके से लापता हुई नाबालिग को थांदला, जिला झाबुआ से बरामद किया है। पुलिस ने




उसे बहला फुसलाकर ले जाने और उससे शरीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार गांधी नगर इलाके में रहने वाले परिवार ने गत 9 अप्रैल को पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी 17 साल की बेटी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अपहरण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। परिजन ने बताया था कि उनकी बेटी एक युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। बेटी और युवक को बातचीत करने से मना भी किया था। पुलिस ने उक्त युवक की तलाश की, लेकिन पता चला कि वह फरार है। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को को गिरफ्तार लिहाजा पुलिस को उस पर संदेह बढ़ गया। पुलिस ने उसका मोबाइल ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया था। आरोपी के बारे में पूछताछ करने पर पता चला कि वह पूर्व में थांदला, जिला झाबुआ काम करने जा चुका है। पुलिस ने संदेह के आधार पर एक टीम भेजी। वहां से आरोपी को हिरासत में लेकर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया गया। नाबालिग ने बताया कि आरोपी द्वारा उससे शरीरिक संबंध बनाए गए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश कर दिया।

### आरोपी ने भोपाल बुलाकर होटल में किया था दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

# लेडी डॉक्टर से प्रेक्टिस का रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर किया गया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चायना से एमबीबीएस करने के बाद मेडिकल प्रेक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का प्रयास कर रही लेडी डॉक्टर से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसे रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर मंगलवारा की एक होटल में बुलाया था, वहां उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की, लेकिन एक साल तक आरोपी पुलिस को चकमा देता रहा। लगातार फरार रहने के कारण उस पर पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। शुक्रवार को मंगलवारा पुलिस ने उसे भिंड से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार देवास निवासी युवती ने चायना से एमबीबीएस की पढ़ाई की। लायसेंस के लिए उसने इंडियन एफएमजीआई परीक्षा पास की फिर मेडिकल प्रेक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन का प्रयास करने लगी। इसी दौरान इंस्टाग्राम पर उसकी मोहित सिंह शेखावत नामक युवक से दोस्ती हो गई। चेटिंग के दौरान मोहित ने अपना वाट्सएप नंबर दिया और फिर व्हाट्सएप व कॉलिंग के माध्यम से बातचीत होने लगी। मोहित सिंह ने खुद को सेंट्रल होम मिनिस्ट्री ऑफिसर गवर्मेंट ऑफ इंडिया का ऑफिसर होना बताया।

उसने प्रलोभन दिया कि वह बिना इंटर्नशिप किए उसे मेडिकल प्रेक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन दिलवा देगा। उसने युवती को मिलने के लिए भोपाल बुलाया। पुलिस ने बताया कि मेडिकल प्रेक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा देकर आरोपी मोहित शेखावत ने मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित होटल मेघदूत में युवती से दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। उसने अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर लिया था। पीड़िता ने साल 2024 में आरोपी मोहित सिंह शेखावत के खिलाफ बलात्कार समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कराया था। वहां से डायरी मंगलवारा थाने भेजी गई थी। मंगलवारा पुलिस ने असल पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर घर पर नजर जमाए थे मोबाइल की सीडीआर निकलवा कर पुलिस आरोपी मोहित सिंह शेखावत की खोजबीन करती रही। मुखबिर भी उसका सुराग लगाने में लगे थे।





## चूहामार खाने से 13 साल के किशोर की मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित बीनापुर गांव में 13 साल के किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन ने बताया कि गुरुवार शाम उसने गलती से चूहामार खा लिया था। इसके बाद से ही निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार समर नामदेव पिता सुभाष नामदेव (13) गांव बीनापुर में रहता था और स्कूली छात्र था। परिवार खेती किसानी करता है। गत 19 जून गुरुवार शाम उसने घर में रखा चूहामार खा लिया था। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से 19 जून को सूचना मिली थी। पुलिस पहुंची और किशोर से पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं था। परिजन ने बताया कि उसने गल्ती से चूहामार खाया है।

## शराब तस्करों से 58 लीटर देशी शराब जब्त

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 321 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब 58 लीटर है और उसकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शराब के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना मिली पर अंकित उरिया पिता बबलू उरिया (21) जेपी नगर, गौतमनगर भोपाल और मन यादव पिता विजय यादव (19) चौकसे नगर निगम कार्यालय के सामने थाना गौतमनगर को घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया। आरोपी ज्यूपिटर में रखी प्लास्टिक की बोरी मे भरी अवैध शराब की तस्करी कर रहे थे।

# बच्चों को टीवी देखने का कहकर फर्स्ट फ्लोर पर लगाई फांसी

**प्रतियोगी परीक्षा देकर लौटा पति तो फांसी के फंदे पर लटकी मिली पत्नी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित पलक विहार, खजूरी कला में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है।

हेड कांस्टेबल विजय चौधरी ने बताया कि भावना रघुवंशी पति राजेंद्र रघुवंशी (29) संजय नगर शाहजहांनाबाद की रहने वाली थी। मार्च 2018 में उसकी शादी राजेश रघुवंशी से हुई। भावना और राजेंद्र के दो बच्चे हैं। एक साढ़े तीन साल की बेटी है, जबकि छह साल का बेटा है। राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। शनिवार को उसकी परीक्षा थी। वह परीक्षा देने के लिए निकल गया।

दोपहर करीब 12 बजे परीक्षा देने के बाद घर लौटा तो दोनों बच्चे टीवी देख रहे थे। बच्चों से मां का पूछा तो उन्होंने बताया कि मां ऊपर कमरे में सो रही है। राजेंद्र ऊपर कमरे में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। किसी तरह उसने दरवाजा खोला तो भावना साड़ी के फंदे के सहारे पंखे पर लटकी नजर आई। वह भावना को फंदे से उताकर प्राइवेट गाड़ी से एम्स ले गया।



## फार्म हाउस में युवक को सांप ने काटा, मौत

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भद्भदा में शुक्रवार शाम एक युवक को सांप ने काट लिया। घटना के समय उनका रिश्तेदार भी उनके साथ मौजूद था। वह इलाज के लिए उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा। शनिवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मण सिंह गुर्जर (47) गांव भदभदा सूखी सेवनिया गांव में रहते थे। उनका भद्भदा में फार्म हाउस है। फार्म हाउस से लगी डेयरी है। शुक्रवार शाम वह डेयरी में काम कर रहे थे, तभी सांप ने उन्हें बाएं पैर में घुटने के पास काट लिया।

## निशातपुरा स्टेशन पर हाईटेंशन लाइन से झुलसे युवक की मौत

**भोपाल।** निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर एक सप्ताह पूर्व हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए युवक की हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने हाईटेंशन लाइन को जबरन छूकर आत्महत्या की है। जीआरपी भोपाल ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जीआरपी भोपाल के अनुसार मोहम्मद सलमान पिता इकबाल मूलतः नरसिंहगढ़ का रहने वाला था। कुछ दिन से वह अपनी मौसी के घर भोपाल में रह रहा था। उसकी शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। तीन साल तक सबकुछ ठीक चला बाद में उसका पत्नी से विवाद होने लगा। आएदिन होने वाले विवाद के बाद पत्नी मायके चली गई। सलमान और उसके परिवार ने उसे ससुराल बुलाने की कोशिश की, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। इसी को लेकर सलमान तनाव में रहने लगा। लगातार तनाव में रहने के कारण उसका मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा था। गत 13 जून को वह बिना बताए मौसी के घर से निकल गया।

# पड़ोसी के धोखे में सोते युवक पर बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित बारह नंबर मल्टी में रहने वाले एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद युवक मल्टी की बॉलकनी में सो रहा था। नींद खुलने पर उसने दो-तीन लोगों को भागते देखा। पुलिस का कहना है कि आरोपी, युवक के पड़ोस में रहने वाले दूसरे युवक पर हमला करने आए थे। हाथ में गंभीर चोट आने के कारण युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बारह नंबर मल्टी में रहने वाला अनिल लोहिया प्राइवेट काम करता है। विगत 19-20 जून की दरमियानी रात वह अपने घर के सामने मल्टी की बालकनी में सो



रहा था। उसी दौरान रात करीब एक बजे अज्ञात दो-तीन बदमाशों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वार बचाने के चक्कर में उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपी पड़ोस में रहने वाले किसी अन्य युवक पर हमला करने आए थे।

## एक्टिवा पर जा रहे फोटोग्राफर का मोबाइल झपटा, फोन पर मां से बात कर रहा था

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर ओवरब्रिज पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक्टिवा पर जा रहे युवक का मोबाइल बाइक सवार दो बदमाश छीन ले गए। मां का फोन आने पर युवक मोबाइल पर बात करने लगा था। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि झपटा मोबाइल सर्विलांस में डाल दिया गया है। ओवरब्रिज पर कैमरे नहीं होने की वजह से फिलहाल आरोपियों का हुलिया अथवा गाड़ी के नंबर का सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से रतलाम निवासी लहर कामेडिया (23) फोटोग्राफी करता है और फोटोग्राफी के सिलसिले में भोपाल आया था। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त से मिले अशोका गार्डन गया और वहां से उसकी एक्टिवा गाड़ी लेकर एमपी नगर की ओर जाने के निकल गया।

**मेट्रो एंकर** | सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात चार बदमाशों में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

# पुराने विवाद में बदमाशों ने पेट्रोल डालकर तीन घरों में लगाई आग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नया बसेरा में बदमाशों ने रंजिश में तीन घरों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस दौरान एक कार में तोडफोड़ भी की है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई यह घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रहवासियों का कहना है कि आगजनी में सिर्फ घरों के बाहर के पर्दे ही जले है। बड़ा हादसा हो सकता था। फुटेज में तीन मोपड पर सवार करीब आधा दर्जन लोग वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामले में चार नामजद व एक अन्य आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार नया बसेरा कॉलोनी निवासी मोतीलाल श्रुति शासकीय विभाग से रिटायर्ड हैं।



उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार-शनिवार की देर रात तीन दो पहिया वाहनों से करीब आधा दर्जन बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने पहले घरों के गेट पर पेट्रोल डालकर आग लगाई फिर बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। शोर सुनकर लोग घरों से बाहर निकले तो बदमाश मौके से फरार हो गए। रहवासियों ने पानी डालकर घरों में लगी आग बुझाई। बदमाशों का मोतीलाल श्रुति के पड़ोस में रहने वाले अजय यादव से विवाद चल रहा है। सुबह होने पर लोग थाने पहुंचे आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पूरा घटनाक्रम मौके पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। फुटेज में बदमाश दो पहिया वाहन पर आते हुए कार में तोड़फोड़ करते हुए देखे गए। वीडियो में एक बदमाश के हाथ में चाकू भी नजर आ रहा है। अन्य दो लोगों के हाथ में पेट्रोल से भरी बोतलें हैं।

**वर्चस्व को लेकर चल रहा है विवाद** – शनिवार सुबह फरियादी के साथ मोहल्ले के लोग भी थाने पहुंच गए। रहवासियों ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस से कई सवाल किए। पुलिस ने सभी को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि मामले में आरोपी कौशल, भवानी, अयान और मोंटी व एक अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। चारों इलाके के लिस्टेड गुंडे हैं। नया बसेरा में रहने वाले अजय यादव से इनका वर्चस्व को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। अजय के खिलाफ भी पूर्व में मामले दर्ज हैं। पूर्व में हबीबगंज थाने में भी दोनों की विवाद की एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोपी मोंटी को गिरफ्तार कर लिया गया है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1
शेड क्र. - 7 जवाहर चौक, भोपाल

निविदा सूचना क्र - 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18/वलेलि/2025-26 — भोपाल, दि-20.06.2025

/// निविदा सूचना ///

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 2025_PWDRB_432137 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-2 भोपाल सिविल लाईन सेक्शन क्र-1 के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में विभिन्न वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, लघुमूल एवं डिपाजिट कार्य। | रू. 46,75,000.00 (रू. छियालीस लाख पछत्तर हजार मात्र) | रु. 50000.00 |
| 2 | 12 | 2025_PWDRB_432139 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-2 भोपाल श्यामला हिल्स सेक्शन के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में विभिन्न वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, लघुमूल एवं डिपाजिट कार्य। | रू. 48,50,000.00 (रू. अड़तालीस लाख पचास हजार मात्र) | रु. 50000.00 |
| 3 | 13 | 2025_PWDRB_432143 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-3 भोपाल के अन्तर्गत जिला एवं सत्र न्यायालय में सामान्य पुरुष टायलेट एवं लेडिज नार्थ ब्लॉक के रिनोवेशन एवं अन्य कार्य। | रु. 50,00,000.00 (रू. पचास लाख मात्र) | रु. 50000.00 |
| 4 | 14 | 2025_PWDRB_432150 | लोनिवि. पीएचक्यू. सेक्शन क्र-1 भोपाल के अन्तर्गत लाल परेड ग्राउण्ड एवं अन्य स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस हेतु कार्यक्रम एवं अन्य समारोह हेतु रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य। | रु. 30,00,000.00 (रू. तीस लाख मात्र) | रु. 50000.00 |
| 5 | 15 | 2025_PWDRB_432151 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-1 भोपाल एमव्हीएम. सेक्शन के अन्तर्गत एमव्हीएम. कालेज स्थित विभिन्न भवन में विभिन्न मरम्मत का कार्य। | रू. 30,00,000.00 (रू. तीस लाख मात्र) | रु. 50000.00 |
| 6 | 16 | 2025_PWDRB_432152 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-1 भोपाल एमव्हीएम. सेक्शन के अन्तर्गत एमव्हीएम. कालेज भवन के मरम्मत, डिस्टेम्परिंग, रंगाई, पुताई, एवं पेंटिंग का कार्य। | रु. 60,00,000.00 (रू. साठ लाख मात्र) | रु. 60000.00 |
| 7 | 17 | 2025_PWDRB_432154 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क्र-1 भोपाल राजभवन सेक्शन के अन्तर्गत शासकीय भवनों में रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य। | रु. 55,00,000.00 (रू. पचपन लाख मात्र) | रु. 55000.00 |
| 8 | 18 | 2025_PWDRB_432156 | लोनिवि. पीएचक्यू, सेक्शन क्र-1 भोपाल के अन्तर्गत डा० श्यामाप्रसाद मुखर्जी कालेज कोलार में विभिन्न निर्माण एवं लघुमूल कार्य। | रु. 60,00,000.00 (रू. साठ लाख मात्र) | रु. 60000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 01.07.2025 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्र-1 भोपाल
दूरभाष-0755-2777485

G-14606/25 — "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022